**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं0 610**
**4 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए**

**पीएमएवाई-यू की स्थिति**

**610. श्री टी.आर.वी.एस. रमेशः**

क्या ***आवासन और शहरी कार्य मंत्री*** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत स्वीकृत किफायती आवास इकाइयों के निर्माण की योजना को बहुत धीमी गति से कार्यान्वित किया जा रहा है जैसा कि रियल एस्टेट क्षेत्र का विश्लेषण करने वाली रिपोर्ट द्वारा सुझाया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त किफायती आवास इकाइयों, जिन्हें पीएमएवाई-यू के तहत अनुमोदित किया गया था, का केवल 39-40 प्रतिशत कार्य पूरा किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस योजना के तहत निर्धारित 80 लाख आवास इकाइयों में से निर्मित आवास इकाइयों की संख्या कितनी है और इन्हें आम आदमी को कब तक सौंपा जाएगा?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री हरदीप सिंह पुरी)**

(क) जी, नहीं।

(ख) और (ग): प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत आवास की वास्तविक मांग के आकलन हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने मांग सर्वेक्षण कराया है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित आकलित मांग लगभग 112 लाख है। इस योजना के अंतर्गत राज्यों/

संघ राज्य क्षेत्रों से अब तक प्राप्त परियोजना प्रस्तावों के आधार पर कुल 11 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं; इनमें से 71.4 लाख निर्माण के विभिन्न चरणों पर हैं तथा 41.8 लाख आवासों का निर्माण/वितरण पूरा हो गया है।

राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों से अनुरोध किया गया है कि वे पीएमएवाई-यू के अंतर्गत मंजूर आवासों के निर्माण कार्यों में तेजी लाएं। मंत्रालय पर्याप्त निधियां सुनिश्चित करके तथा आवासों के त्वरित वितरण हेतु वैकल्पिक और नवोन्मेषी निर्माण प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देकर राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों की मदद कर रहा है। वर्ष 2022 तक 'सभी के लिए आवास' का लक्ष्य हासिल करने के लिए योजना भली भांति तैयार है।

****